







# ताम्रकार समाज का शपथ ग्रहण समारोह हुआ



नवभारत न्यूज

**उचेहरा 6 अप्रैल, हैहय वंशीय ताम्रकार समाज संगठन उचेहरा एवं जिला इकाई सतना का शपथ ग्रहण समारोह स्थानीय पैलेश में प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र ताम्रकार ने की।**

आयोजन की शुरूआत भगवान राज राजेश्वर के चित्र पर द्वीप प्रज्जवलन कर साथ ही नंदनी ताम्रकार और उनकी सहयोगी बहनों द्वारा स्वागत गीत गा कर मंत्र मुग्ध कर दिया। उचेहरा के वरिष्ट ,युवा एवं महिला मंडल सहित सतना व मैहर जिला के अलावा नगर इकाई को मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र ताम्रकार ने संयुक्त रूप से अलग अलग समितियों को शपथ दिलाई। इस दरमियान मंचासीन कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र पैगवार, राकेश ताम्रकार , राकेश नंद लाल , अशोक ताम्रकार अनिल ,मौसम , रानी देवी , रुकमणी देवी, सोहन लाल ,बद्री प्रसाद , रामचन्द्र ओम प्रकाश,प्रहलाद ,जिला अध्यध मैहर नितिन ताम्रकार ,नंद लाल राजेन्द्र ताम्रकार, रामजस ताम्रकार , राजेंद्र ताम्रकार हरिओम मौजूद रहे । मैहर नगर इकाई द्वारा मंचासीन अतिथियो का अजगर माला से स्वागत किया ,कार्यक्रम का सफल संचालन – जबलपुर के साकेत ताम्रकार ने किया आयोजक मंडल द्वारा मंचासीन अतिथियो का बैच लगाकर सम्मान किया गया । प्रदेश के कार्यवाहक अध्यक्ष धर्मेंद्र पैगवार ने अपने संक्षिप्त एवं सारगर्भित उद्बोधन की शुरुआत नई कार्य कारणी के सभी पदाधिकारियो को धन्यवाद देते आयोजन में बाहर से आये सामाजिक बंधुओ उनका भी धन्यवाद ज्ञापित किया । मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र ताम्रकार बुढार ने अपने उद्बोधन में कहा कि नया व्यक्ति आएगा नई दिशा देगा ,उन्होंने समाज की राजनीति में भी भागीदारी पर जोर देते कहा कि प्रदेश की सत्ता में भी अपनी भागीदारी हो महिला संगठन मजबूत होने से आने वाले समय मे सत्ता में भी भागीदारी होगी ऐसी उम्मीद जताई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज का यह शपथ ग्रहण का कार्यक्रम एक इतिहास रच रहा है इसकी गूंज दूर दूर तक सुनाई देगी। उन्होंने संगठन के विस्तार में अतीत की ओर ले जाते कहा कि जब संगठन शुरू हुआ था जिसमें 11 लोगों की आवस्यकता थी लेकिन अब एक छोटी सी इकाई इतना बड़ा आयोजन कर रही है आज के इस आयोजन से देखा जा सकता हैं पूरे मध्यप्रदेश में आज समितिया गठित हो गई है छोटा सा संगठन एक दिन वट वृक्ष बनेगा अब युवा जाग्रत हो गया है । स्व शंकर प्रसाद जी के संस्मरणो का उल्लेख किया। मंचासीन अतिथियों ने भी अपने – अपने उदगार ब्यक्त किये । 17 मई को भोपाल में भी निर्वाचन की प्रक्रिया होनी है उम्मीद जताई गई हैं कि वहां का निर्वाचन भी प्रदेश में एक उदाहरण बनेगा । मंचासीन अतिथियों ने अपने उद्बोधन में एक बात पर जोर देते कहा की संगठन मजबूत होने से सामाजिक ताना बाना भी मजबूत रहता है संगठन सबसे अहम है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के डिप्टी सी एम राजेन्द्र शुक्ल ,नगर पालिक निगम सतना महापौर योगेश कुमार ताम्रकार को आना था लेकिन अपरिहार्य कारणों से नहीं आ पाये आनन फानन आयोजन समिति ने मंच की व्यवस्था को सुधार आगे की कार्यवाही की ।

### शपथ के पहले शोभायात्रा

अमूमन शोभायात्रा जयन्ती पर निकाली जाती है लेकिन शपथ ग्रहण समारोह में निकाली गई शोभा यात्रा को लेकर नगर तथा सामाजिक बन्धुओं में पुरे जोर शोर से चर्चा बनी रही बहरहाल शोभायात्रा की शोभा महिला मंडल ब?ा रही थी ।



## डायल 112 की तत्परता से दुर्घटना में घायल बछड़े को मिला नया जीवन

नवभारत न्यूज

**मैहर 6 अप्रैल, आज दिनांक 06/04/26 को समय लगभग 13.45 बजे पुलिस कंट्रोल रूम मैहर में सूचना प्राप्त हुई कि मैहर-कटनी रोड स्थित एचपी गैस गोदाम के सामने एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गर्भवती गौमाता की मृत्यु हो गई है तथा टक्कर के प्रभाव से उसका बछड़ा जीवित अवस्था में बाहर आ गया है।**

सूचना प्राप्त होते ही डीपीसीआर पर तैनात महिला आरक्षक दीपिका तिवारी द्वारा तत्काल एफआरवी-01 मैहर को मौके के लिए रवाना किया गया।एफआरवी-01 में पदस्थ पुलिस स्टाफ आरक्षक मोहित वैष्णव एवं पायलट दीपक बढ़ोलिया मौके पर पहुंचे और त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल बछड़े को सुरक्षित निकालकर पशु चिकित्सालय मैहर पहुंचाया, जहां उसका उपचार कराया गया।उपचार उपरांत बछड़े को स्वस्थ अवस्था में बड़ा अखाड़ा मैहर स्थित गौशाला में कौशलेन्द्र शरण महाराज को सुपुर्द किया गया, जहां उसकी समुचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

## रंगोली बना कर मनाया बीजेपी का स्थापना दिवस




नवभारत न्यूज

**कोटर 6 अप्रैल, भाजपा कोटर मंडल उपाध्यक्ष साधना मिश्रा ने भाजपा स्थापना दिवस रंगोली बनाकर मनाया। उन्होंने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामप्रसाद मुखर्जी के बलिदान हमे याद रखना चाहिए उन्हीं के बलिदान से ही आज देश में कुछ राज्यों को छोड़ कर पूरे देश में बीजेपी की सरकारे हैं।**

राज्य सरकार द्वारा 360 से अधिक योजनाएं लागू की हैं प्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी नई राहें नए अवसर में सभी योजनाओं की जानकारी दी गई है जो आम आदमी को सीधे लाभ पहुंचा रही है जिसमें 33 विभाग है जिसमें कृषि ,शिक्षा ,रोजगार ,स्वास्थ्य, किसान ,महिलाएं, ऊर्जा प्रमुख रूप से है हमे इन सबका लाभ लेना है।

श्रीमती शीला श्रीमती शानू श्रीवास्तव श्रीमती मेघा त्रिपाठी श्रीमती रमा त्रिपाठी रितिका श्रीवास्तव श्रीमती शैल कुमारी श्रीमती रामलली श्रीमती आशा कुमारी कार्यक्रम में उपस्थित रही।

# बस स्टैंड के टू लाइन सड़क पर फिर से होने लगा अतिक्रमण

## ऑटो वालों की धमा चौकड़ी के साथ मनमानी रूप से पार्किंग से हो रहा आवागमन प्रभावित



नवभारत न्यूज

**कोठी 6 अप्रैल, बस स्टैंड कोठी परिसर से बाजार की तरफ जाने वाले मार्ग पर बनी टू लाइन सड़क पर अब फिर से अतिक्रमण होने लगा है जो सुबह से शुरू होकर देर रात तक परेशानी का सबक बना रहता है ।**

हालत यह है कि टू लाइन सड़क के एक हिस्से पर ऑटो वालों की फिर से धमा चौकड़ी मचना शुरू हो गई है और वह एक के बाद एक नंबर लगाकर सड़क को ब्लॉक कर रहे हैं रही कहीं कसर लोगों द्वारा मनमानी रूप से वाहन खड़ा कर पूरी कर दी जाती है जिसके कारण इस सड़क पर आवागमन बुरी तरह प्रभावित होता है और मनमानी तरीके से लोग दिनभर चलते हैं जिससे दुर्घटनाओं का अंदेशा सदैव बना रहता है पिछले दिनों लंबी करवाई करने के बाद कड़ी मस्कत किए जाने के बाद बमुश्किल से टू लाइन सड़क खाली हो पाई थी जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली थी और आवागमन शुरू हो पाया था परंतु अब फिर से प्रशासनिक अमले एवं जिम्मेदारों के आलसी रवैया की वजह से हालात जस के तस हो गए हैं और टू लाइन सड़क पर सुबह 4 बजे से ही गतिरोध शुरू हो जाता है जिसकी वजह से छोटे बड़े सभी वाहनों को दूसरी तरफ से आना जाना पड़ता है बताया जाता है कि सुबह 4 बजे से लेकर 8 तक अस्पताल के पुराने गेट के सामने सड़क पर भी सब्जी मंडी लगती है और उन्हीं के छोटे बड़े सभी वाहन खड़े रहते हैं जिससे पूरा रास्ता ब्लॉक रहता है जिसकी वजह से कभी-कभी स्कूल आने जाने वाले वाहनों को भी समस्या हो जाती है और अस्पताल पर एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाती उसके बाद लोगों द्वारा अवैध रूप से भी वाहन खड़ा कर दिए जाते हैं देखने सुनने वाला कोई रहता नहीं है जिससे अव्यवस्था फैली रहती है जिसका दंस एंबुलेंस स्कूल आने जाने वाले वाहनों व आमजन को भोगना पड़ रहा है।

# सिंचाई विभाग के कार्यालय का भगवान ही मालिक

## खुलने का अता पता नहीं, रख रखाव का भी अभाव,कर्मचारी भी नदारत ,गंदगी से पटा



नवभारत न्यूज

**कोठी 6 अप्रैल, सिंचाई विभाग के कोठी कार्यालय का भगवान ही मालिक है यह कब खुलता है कब बंद होता है किसी को कोई पता नहीं और इसके कर्मचारी कब आते हैं और कार्यालय से कब चले जाते हैं कोई जान ही नहीं पाता साथ में कार्यालय रखरखाव के अभाव में जीर्ण शीर्ण होता जा रहा है जो कभी भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है ।**

कार्यालय परिसर में चारों तरफ गंदगी बजबजाती है जिसकी वजह से आसपास भी काफी दुर्गंध रहती है मोहल्ले के कई लोगों ने बताया कि कार्यालय परिसर और आसपास साफ सफाई न होने की वजह के कारण बदबू आती रहती है जिससे यहां पर रहना भी दुश्वार है कार्यालय के कर्मचारी कब आते जाते हैं और यह कब खुलता है किसी को कुछ पता नहीं साथ ही कार्यालय स्वयं दिख रहा है कि यह रख रखाव के अभाव के चलते अपना अस्तित्व खो चुका है शायद यही वजह है कि यहां पर मौजूद कर्मचारी भी कोई दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं और अपना समय पास करने में लगे रहते हैं।

लोगों ने बताया कि अब इस कार्यालय का कोई औचित्य ही नहीं है क्योंकि अब जलकर विभाग कोठी का नगर परिषद देख रहा है यहां के कर्मचारी मुफ्त की तनख्वाह उठाकर मजे मार रहे हैं क्योंकि उनको कार्यालय भी नहीं आना पड़ता और कुछ काम भी नहीं करना पड़ता सिर्फ पेमेंट मिलती है जब बिना कुछ किये ही पगार मिल रही है तो फिर काम किस लिए करना इसीलिए यह कार्यालय भी अपने अंतिम दिनों पर चल रहा है प्रशासन के जिम्मेदार लोगों को चाहिए कि जब इसका कोई मतलब ही नहीं है और यह बिल्डिंग भी जर्जर हो चुकी है तो नया निर्माण कर इसको किसी अन्य उपयोग में ला सकते हैं जिसकी आवाज भी पिछले दिनों उठाई जा चुकी है।

# लखनवाह में आयोजित किया गया कवि सम्मेलन



नवभारत न्यूज

**कोटर 6 अप्रैल, जिले के रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत लखनवाह में सत्यशोधक विकास सेवा समिति के तत्वावधान में 4 अप्रैल को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।**

कवि सम्मेलन में अपने ही जिले का नाम रोशन करने वाले मां सरस्वती के पुत्र पुत्रियों ने अपनी खूबसूरत रचनाओं से श्रोताओं का मन मोह लिया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में रामशंकर पयासी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामपुर बघेलान, अध्यक्षता कर रहे हीरामणि सिंह पूर्व प्राचार्य करिगोही, तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विनोद तिवारी सभापति जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान और ग्राम पंचायत लखवाह की सरपंच श्रीमती श्याम काली आदिवासी रहे। कवि सम्मेलन में मुख्य कवि के रूप में राष्ट्रीय कवित्री कृपा संगम गौतम ज, कवि धीरज मालवीय, कवि रेखा मिश्रा , कवि सुरेश भरत द्विवेदी , कवि हीरालाल पांडे, राजेश दीक्षित ने काव्य पाठ कर आगंतुकों के मन में अपनी जगह बनाई। कार्यक्रम का आयोजन भगत शरण सिंह उर्फ रवि सिंह बारगाही और उनकी पूरी टीम के पदाधिकारियों के माध्यम से किया गया। कवि सम्मेलन का संचालन राजेश पयासी द्वारा किया गया ।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरेन्द्र पाण्डेय ,लक्ष्मी त्रिपाठी ,किसान नेता द्वारिका प्रसाद तिवारी, कमलभान सिंह, अभयराज सिंह, वंश बहादुर सिंह, विकास सिंह, विक्रम सिंह कछुआ, रविंद्र सिंह ,अमोले यादव ,राजपाल पयासी , रजवार , दिवाकर प्रसाद तिवारी किसान यूनियन के प्रदेश सचिव, राजकुमार त्रिपाठी, रेवा प्रसाद गौतम, यदुवंश प्रसाद गौतम, हिमाचल सिंह ग्राम पंचायत के सहायक सचिव पुष्पराज वर्मा, राम मिलन रजक, ग्राम पंचायत लखनऊ के उप सरपंच संतोष वर्मा ,रामपति चौधरी, रामसखा चौधरी, लक्ष्मीकांत शुक्ला ,गोलू शुक्ला एवं समस्त क्षेत्र से आए हुए जनता जनार्दन सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाए।

# सफलता का सिलसिला जारी, कल के छात्र बन रहे आज के अधिकारी

## सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय चित्रकूट का एक और चमकता सितारा बना समीक्षा अधिकारी



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 6 अप्रैल, दीनदयाल शोध संस्थान के शैक्षणिक प्रकल्प सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय चित्रकूट से 2016-17 में पासआउट हुए एक होनहार छात्र शुभम शुक्ला ने यूपीपीएससी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा को उत्तीर्ण कर समीक्षा अधिकारी बन सुरेंद्रपाल ग्रामोदय विद्यालय का नाम कर परचम बुलन्दियों में लहरा दिया।**

गौरतलब है कि शुभम शुक्ला मूलत: चित्रकूट जिले के मऊ तहसील से सम्बन्ध रखते है। इस खुशी के मौके में सुरेंद्रपाल के समस्त विद्यालय परिवार सहित शुभम शुक्ला के सहपाठी सुशील पटेल (फाउंडर द चित्रकूट पेज), शिवम गुप्ता, सोहनलाल धतुरहा , श्रीधर पटेल (पत्रकार), कौशलेंद्र सिंह तोमर, एडवोकेट निर्मल यादव, धनराज सिंह, अंकिता सिंह, चंद्रभान पटेल ITBP, मृदुल तिवारी, रिचा मिश्रा, आदित्य मिश्र, अभयदीप, रोहित पांडेय सहित समस्त मित्र मंडली ने खुशी जाहिर कर शुभकामनाएँ दी है।

# बिहरा से राखौंधा, टिकुरी से हरिहरपुर रोड़ का निकला जनाजा



नवभारत न्यूज

**कोटर 6 अप्रैल, जिले कोटर क्षेत्र में स्थित बिहरा से रखौंधा रोड पूरी तरह से खत्म हो गई है इसी तरह टिकुरी से हरिहरपुर रोड का जनाजा निकल चुका है आए दिन दोपहिया वाहन सवार हताहत हो रहे हैं। इस कारण आम जनता में भारी नाराजगी है ।**

सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद भी विभागीय अधिकारी केवल आश्वासन का झुनझुना पकड़ा रहे हैं। इन रोडो की वजह से भाजपा सरकार की छवि भी खराब हो रही है क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की नींद तब खुलती है जब चुनाव आते हैं अभी तो कोई चुनाव नहीं है तब तक जनता को इन्हीं खराब सड़कों से ही गुजरना पड़ेगा।

# सीईओ भारती दीक्षित के मार्गदर्शन से निखरा छात्राओं का भविष्य

▸ भविष्य से संवाद' बना मिसाल



नवभारत न्यूज

**रामनगर 6 अप्रैल, मैहर कलेक्टर रानी बाटड़ के मार्गदर्शन में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत आयोजित भविष्य से संवाद कार्यक्रम ने पीएम श्री शासकीय कन्या विद्यालय रामनगर में एक प्रेरक वातावरण निर्मित किया .**

जहां जनपद पंचायत रामनगर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारती दीक्षित ने अपनी प्रभावशाली व सहज शैली में छात्राओं को न केवल शिक्षा के महत्व से अवगत कराया, बल्कि उन्हें बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए आत्मविश्वास, अनुशासन व निरंतर प्रयास का संदेश दिया।

उनके संवाद ने छात्राओं के भीतर नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार किया, जिससे वे अपने भविष्य को लेकर अधिक सजग और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध नजर आईं। कार्यक्रम में किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य आरती पांडे ने भी किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी देकर छात्राओं को उनके अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।

यह आयोजन प्रशासन की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता और छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में सामने आया।



## विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ की मासिक बैठक हुई

नवभारत न्यूज

**सतना 6 अप्रैल, विद्युत पेन्शनर हित रक्षक सतना शाखा की बैठक में नवागत पेंशनर्स सुरेश प्रसाद पटेल स्वामी दीन कुशवाहा का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया ।**

तदोपरांत पी पी ओ और परिवार पेंशन के नाम के नाम मिलान करने कैश लेश कार्ड निकालने की जानकारी साथ ही वंचित पेंशनर्स के लिए माह अप्रैल में ऐप खोलने विंकलांग पुत्र/पुत्री का नाम परिवार पेंशन में जु?वाने 80 वर्ष आयु पूर्ण करने वालो को 20 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन भुगतान संबंधित जानकारी दी गई।10 अप्रैल को सीधी सम्मेलन मे पहुँचने कि सूची तैयार की गई तथा संगठन को और भी सशक्त बनाने पर चर्चा की गई। उपरोक्त सम्बन्ध में प्रान्तीय कार्य वाहक अध्यक्ष आर डी मिश्रा जी पी गौतम राजेन्द्र त्रिपाठी डी आर सिंह अशोक मिश्रा गणेश खरे डॉ जे पी गर्ग आर यस श्रीवास्तव पी डी शुक्ला आर ए सिंह आर बी सिंह आर यस विश्वकर्मा आई यम त्रिपाठी डी के श्रीवास्तव संतोष उरमलिया आर पी तिवारी उत्तम तिवारी विनीत पाण्डेय यू के मिश्रा पी डी सिंह आर ओ मिश्रा राज कुमार सिंह ने अपने अपने विचार उदवोधन में व्यक्त किये।अंत मे यस यल सिंह द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

# योग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा को नई दिशा योग चिकित्सा पुस्तक का लोकार्पण

## पदम विभूषण जगदगुरू रामभद्राचार्य महाराज ने किया लोकार्पण



नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 6 अप्रैल, योग एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण उस समय साकार हुआ, जब 卐योग चिकित्सा卐 पुस्तक का भव्य लोकार्पण अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।**

इस महत्वपूर्ण कृति के लेखक जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के योग विभाग के सहायक आचार्य जितेन्द्र प्रताप सिंह हैं, जिन्होंने योग के चिकित्सीय आयामों को सरल, वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक रूप में प्रस्तुत किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज (कुलाधिपति, जे.आर.डी. राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट) के पावन कर-कमलों द्वारा हुआ। उनकी दिव्य उपस्थिति ने पूरे समारोह को आध्यात्मिक ऊँचाई प्रदान की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पाण्डेय की विशिष्ट उपस्थिति रही, तथा कार्यक्रम में डॉ महेन्द्र कुमार उपाध्याय (अधिष्ठाता, मानविकी संकाय) की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही तुलसीपीठ के उत्तराधिकारी आचार्य रामचन्द्र दास महाराज की उपस्थिति ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा से समृद्ध किया। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ मनोज कुमार पाण्डेय की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की महत्ता को और बढ़ाया।

इस अवसर पर आचार्य रामचन्द्र दास महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि 卐यह पुस्तक चिकित्सा के क्षेत्र में लोगों के लिए अत्यंत लाभप्रद सिद्ध होगी, जिससे समाज के अनेक लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा।" उनके इस कथन ने पुस्तक की उपयोगिता और महत्ता को और अधिक स्पष्ट कर दिया। अपने उद्बोधन में लेखक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने विनम्रतापूर्वक कहा कि यह पुस्तक पूज्य गुरुदेव जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी की प्रेरणा, मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद का ही परिणाम है।

उन्होंने बताया कि पुस्तक में योग के माध्यम से रोग निवारण, स्वास्थ्य संवर्धन एवं जीवनशैली सुधार के समग्र पहलुओं का वैज्ञानिक एवं पारंपरिक समन्वय प्रस्तुत किया गया है। वक्ताओं ने इस कृति को योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि "योग चिकित्सा" न केवल विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए उपयोगी है, बल्कि आम जनमानस को भी स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरित करने वाली मार्गदर्शिका सिद्ध होगी।

कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं योग साधकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। पूरा वातावरण उत्साह, श्रद्धा एवं ज्ञान की ऊर्जा से परिपूर्ण दिखाई दिया।